# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 09/2024

**माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 में सम्मिलित होने वाले आवेदकों का डमी प्रवेश–पत्र (Dummy Admit Card) समिति की वेबसाईट पर अपलोड रहने, ऑनलाईन त्रुटि संशोधन करने, आवेदन पत्र पूर्ण करने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि समिति की विज्ञप्ति संख्या– पी०आर० 442/2023 के आलोक में माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2024 के आवेदन पत्र भरने वाले आवेदकों का डमी प्रवेश–पत्र समिति की वेबसाईट **https://www.bsebstet2024.com** पर दिनांक **12.01.2024** से **17.01.2024** तक उपलब्ध रहेगा। संबंधित आवेदक उक्त अवधि में अपना डमी प्रवेश–पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। डमी प्रवेश–पत्र में अगर किसी प्रकार की त्रुटि हो तो संबंधित आवेदक अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर उपर्युक्त वेबसाईट पर उक्त तिथि तक डमी प्रवेश–पत्र में मुद्रित विवरणों का त्रुटि सुधार कर सकते हैं।

2. उक्त परीक्षा में वैसे पंजीकृत आवेदक जिन्होंने अभी तक अपना आवेदन पत्र पूर्ण नहीं किया है तथा परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है, वैसे आवेदक **समिति की वेबसाईट https://www.bsebstet2024.com पर दिनांक 08.01.2024 से 10.01.2024 तक** अपूर्ण आवेदन पत्र पूर्ण कर सकते हैं तथा परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। उक्त तिथि के पश्चात् परीक्षा शुल्क लंबित रहने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाएगा, जिसकी पूर्ण जवाबदेही आवेदक की होगी। वैसे आवेदकों की सूची समिति के उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

3. डमी प्रवेश–पत्र के सुधार के क्रम में जिन आवेदकों के कोटि में परिवर्तन होता है तो उन्हें परिवर्तित कोटि के लिए निर्धारित शुल्क की राशि भुगतान करना होगा अर्थात् अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/दिव्यांग कोटि के आवेदक कोटि सुधारोपरांत अन्य कोटि में चले जाते हैं तो उन्हें उस कोटि के लिये निर्धारित शुल्क की अन्तर राशि एक पेपर के लिए रू० 200/– एवं दोनों पेपर के लिए रू० 300/– ऑनलाईन विधि से **दिनांक 17.01.2024** तक जमा करना होगा। अन्यथा सुधार का दावा मान्य नहीं होगा।

4. **दिनांक 17.01.2024** के बाद किसी भी प्रकार की त्रुटि के सुधार का दावा मान्य नहीं होगा।

**परीक्षा नियंत्रक (विविध)**

Scanned with CamScanner